कोरोना से बचाव के लिए जागरूकता अभियान

05/05/2020 सूचना

सभी NSS स्वयंसेवकों को सूचित किया जाता है कि गृह मंत्रालय बिहार द्वारा जारी कोरोना बचाव गाइडलाइन का पूर्णतया पालन करते हुए वे अपने आस-पास के क्षेत्रों में कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए जागरूकता गतिविधियों का आयोजन कर उसका फोटो तथा रिपोर्ट NSS के whatsapp group में शेयर करेंगे।

05/05/2020

कार्यक्रम पदाधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
एच० डी० जैन कॉलेज, आरा

नाटक कर लोगों को किया जागरूक

नुक्कड़ नाटक से लोगों को जागरूक करते एनएसएस स्वयंसेवक.

आरा. जैन कॉलेज के एनएसएस स्वयंसेवकों ने कोरोना महामारी के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए जिले के गड़हनी गांव में नुक्कड़ नाटक किया. नाटक की पूरी स्क्रिप्ट तैयार करने वाला गड़हनी गांव का अंकुश कुमार ने बताया कि नाटक का मुख्य उद्देश्य लोगों को कोरोना के प्रति जागरूक करना है. लोगों द्वारा सरकार के नियमों को जीवनशैली में उतारने पर ही भारत कोरोनामुक्त हो पायेगा. कोरोना से बचाव के लिए डॉक्टर, पुलिस एवं सफाई कर्मी के द्वारा युद्ध स्तर पर कार्य किया जा रहा है. वहीं समाज के कुछ असामाजिक तत्व जान बूझकर कोरोना लाने पर उतारू हैं. राहगीरों को बताया कि कोरोना से डरना नहीं, लड़ना है. सामाजिक दूरी बना कर रखें. साबुन से कम से कम 20 सेकंड हाथ जरूर धोएं. मास्क नहीं रहने पर गमछा, रूमाल, तौलिया या दुपट्टा का भी इस्तेमाल कर सकते हैं. राहुल, बंटी, अरविंद सहित बाल मंडलियों का सराहनीय योगदान रहा. जैन कॉलेज के वरीय स्वयंसेवक सनोज कुमार का अहम योगदान था. कॉलेज के प्राचार्य डॉ शैलेंद्र कुमार ओझा, एनएसएस पदाधिकारी डॉ अशोक कुमार, डॉ अहमद मशुद, डॉ पूर्ति माहौर, डॉ कांति सिंह, डॉ निहारिका सिंह, डॉ अरुण कुमार, डॉ अजय मिश्र, डॉ अजित सिन्हा, रुचि प्रिया ने स्वयंसेवकों को शुभकामनाएं दी हैं.

6 मई 2020

नाटक कर लोगों को किया जागरूक

NSS के स्वयसेवकों द्वारा नुक्कड़ नाटक किया गया।

नुक्कड़ नाटक से लोगो को जागरूक करते एनएसएस स्वयसेवक.

आरा. जैन कॉलेज के एनएसएस स्वयंसेवकों ने कोरोना महामारी के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए जिले के गड़हनी गांव में नुक्कड़ नाटक किया. नाटक की एंट्री टिकट तैयार करने वाला गड़हनी गांव से डरना नहीं, लड़ना है. सामाजिक दूरी बना कर रखें. साबुन से कम से कम 20 सेकंड हाथ जरूर धोएं. मास्क नहीं रहने पर गमछा, रूमाल, तौलिया या दुपट्टा का भी इस्तेमाल कर सकते हैं. गहल, बंटी,